मुख्यमंत्री ने कहा- मेरा निजी कुछ नहीं, पूरा जीवन राष्ट्र को समर्पित

हिन्दुस्तान 16 फरवरी

भारत हिन्दू राष्ट्र पहले से था, आगे भी रहेगा : योगी

लखनऊ, विशेष संवाददाता। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि भारत हिन्दू राष्ट्र था है और आगे भी रहेगा। उन्होंने कहा कि हिंदू राष्ट्र से अर्थ है कि हिंदू कोई मजहब, संप्रदाय नहीं है, यह एक सांस्कृतिक शब्द है और यह देश के हर नागरिक पर लागू होता है। उन्होंने कहा कि मेरा निजी कुछ नहीं है, न कमरे, न मैं अपने लिए कोई काम करता हूं। मेरा पूरा जीवन देश और समाज के लिए समर्पित है। इसके साथ ही उन्होंने रामचरित मानस की प्रतियां फाड़ने के प्रकरण में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव को भी आड़े हाथों लिया।

मुख्यमंत्री ने ये बातें बुधवार को एक निजी चैनल से बातचीत में कहीं। उन्होंने कहा कि जब भारत का कोई व्यक्ति हज के लिए जाता है तो उसका संबोधन हिंदू से होता है, वह हिंदू नाम से जाना जाता है। देश से जाने वाले व्यक्ति को न तो हाजी कहा जाता है और न ही मुस्लिम। जब उन्हें कोई परेशानी नहीं है तो अगर इस नजरिये से भारत हिंदू राष्ट्र है, था और आगे भी रहेगा ही। हिंदू कोई जातिसूचक, मजहब सूचक शब्द नहीं है। इसे धर्म से जोड़ने की भूल नहीं करनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने सपा मुखिया अखिलेश यादव द्वारा भाजपा के राज में ब्राह्मणों को प्रताड़ित किए जाने के आरोपों पर कहा कि उन्होंने अपने संस्कारों को ही दिखाया है। उनके लोगों ने रामचरित मानस की प्रतियां फाड़ी हैं।

› जीडीपी बढ़ाई P08

गोरखपुर में बुधवार को आयुष विश्वविद्यालय की ओपीडी की शुरुआत के अवसर पर बच्चे को दुलारते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

85 आयुष कालेज संबद्ध किए जा चुके हैं विश्वविद्यालय से

52 एकड़ में 300 करोड़ से बन रहा आयुष विवि

चिकित्सा पर्यटन का केंद्र बनेगा आयुष विश्वविद्यालय

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। सीएम योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को गोरखपुर में प्रदेश के पहले आयुष विश्वविद्यालय की ओपीडी का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया में आयुष हेल्थ टूरिज्म की मांग तेजी से बढ़ रही है। यह विश्वविद्यालय आयुष चिकित्सा पर्यटन का केंद्र बनेगा। विश्वविद्यालय इलाज और शिक्षा के साथ शोध और दवा विकसित करने की दिशा में काम करेगा। इसके जरिए किसानों को औषधीय कृषि से तो आसपास के हर गांव और हर घर को किसी न किसी तरह के रोजगार से जोड़ा जा सकता है।

भटहट के पिपरी में निर्माणाधीन महायोगी गुरु गोरखनाथ आयुष विवि परिसर में आयोजित समारोह में ओपीडी सेवा शुरू करने के बाद योगी ने कहा कि पर्यटन का स्वरूप बदल रहा है। प्रदेश में धार्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन का विकास काशी विश्वनाथ कॉरिडोर और अयोध्या में राम मंदिर निर्माण के साथ आगे बढ़ा है। वहीं हेल्थ टूरिज्म नया अवसर है। आयुर्वेद, योग, प्राकृतिक चिकित्सा के क्षेत्र में अत्यधिक संभावनाएं हैं। आयुष विवि इन संभावनाओं का केंद्र बनेगा। विश्वविद्यालय में अगले सत्र से पढ़ाई शुरू होगी। देश-विदेश के छात्र यहां प्रवेश ले सकेंगे। सर्टिफिकेट, डिप्लोमा व डिग्री के कोर्स चलेंगे। युवाओं को प्रशिक्षण मिलेगा। घर-घर आयुष से जुड़े नए-नए कार्य मिल सकेंगे। उन्होंने कहा कि यहां अच्छी मिट्टी, पानी के साथ ही बड़ा जंगल भी है। प्राकृतिक संसाधनों से भरपूर पूर्वांचल में आयुष हेल्थ टूरिज्म से जुड़ने पूरी दुनिया आएगी।

एक जिला एक मेडिकल कॉलेज की राह पर यूपी

योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन व प्रेरणा से उत्तर प्रदेश एक जिला एक मेडिकल कॉलेज का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में बढ़ चला है। पहले पूर्वी उत्तर प्रदेश में सिर्फ गोरखपुर का बीआरडी मेडिकल कॉलेज ही था। अब गोरखपुर में एम्स है तो देवरिया, बस्ती, सिद्धार्थनगर में मेडिकल कॉलेज शुरू हो चुके हैं। महराजगंज और संतकबीरनगर में मेडिकल कॉलेज बनने की प्रक्रिया को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। जल्द प्रदेश के हर जिले में मेडिकल कॉलेज होगा।

› संबंधित खबरें P02